Title: Need for all-round development of North Bihar.

श्री नवल किशोर राय (सीतामढ़ी) : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य में लगभग 25,000 हेक्टेयर भूमि में लीची और आम का उत्पादन किया जाता है और इनका उत्पादन अभी तीन लाख टन से ऊपर है। ये फल भी देश के अन्य फलों के समान 30 प्रतिशत से 40 प्रतिशत तक बिना उपयोग ही नट हो जाते हैं और मात्र 50 टन से कम ही इनका निर्यात हो पाता है। निर्यात की कमी का कारण क्षेत्र में आवश्यक मूल सुविधाओं की कमी है। यहां का लीची एवं आम उत्पादक किसान भरपूर मेहनत के बाद भी फसल से पूरी आमदनी नहीं कर पाता है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि लीची उत्पादक एवं आम उत्पादक क्षेत्र उत्तर बिहार को एक विशे क्षेत्र घोाित किया जाये और यहां बिजली की पर्याप्त उपलब्धता हो ताकि शीत गृहों का निर्माण सम्भव हो। सड़कों की हालत सुधारी जाए ताकि यातायाते में गति बने। वित्तीय संस्थाओं की अधिक मात्रा में स्थापना हो ताकि किसानों को पूंजी निवेश में कठिनाई समाप्त हो एवं मुजफ्फरपुर हवाई अड्डे को ड्राइपोर्ट (शुक पोर्ट) घोाित किया जाये ताकि यहां से ही निर्यात की सुविधा बने।